बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

# अधिसूचना

अधि0सं0 :– 3/अ0प्र0–1–125/2021 617 /पटना, दिनांक :– 21.3.23

विभागीय संकल्प ज्ञापांक–1462 अनु0 दिनांक 06.10.2021 द्वारा श्री अनिल कुमार तदेन कार्यपालक अभियंता–सह–प्रभारी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, दरभंगा के विरूद्ध अपने पद का दुरूपयोग कर सम्पत्ति अर्जित करने संबंधित आरोपों पर बिहार सरकारी सेवक(वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील)नियमावली, 2005 के नियम–17 के तहत मुख्य अभियंता–2, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के अधीन विभागीय कार्यवाही संचालित है।

2. विभागीय अधिसूचना संख्या–1760 दिनांक 02.12.2021 द्वारा श्री कुमार को विभागीय कार्यवाही में गैर–जिम्मेदाराना एवं असहयोगात्मक कृत्य के परिप्रेक्ष्य में बिहार सरकारी सेवक(वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील)नियमावली, 2005 के नियम–9(1)(क) एवं (ग) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

3. श्री कुमार के सेवानिवृत्ति की तिथि 28.02.2022 है तथा श्री कुमार निलंबन अवधि में ही सेवानिवृत्त हो गये हैं। श्री कुमार मुजफ्फरपुर कारा से दिनांक 02.01.2023 को जमानत पर रिहा हुए है।

4. वित्त विभाग के ज्ञापांक–3/एफ 1–50/70–12753 वि0 दिनांक 26.11.1970 की कंडिका–2 में उल्लेख है कि राज्य सरकार ने इस बात पर भली भाँति विचार कर अब निर्णय लिया है कि निलंबन पर रहने वाले सरकारी सेवक, उनके विरूद्ध आरोपों की जाँच या विभागीय अथवा न्यायिक कार्यवाही पूरी हुई हो या नहीं के प्रश्न पर विचार किए बिना, वार्धक्य–निर्वृत्ति की आयु प्राप्त होने पर सेवानिवृत्त हो जायेंगे। यह भी निर्णय लिया गया है कि यह पुनरीक्षित प्रक्रिया 1ली नवम्बर, 1970 से प्रभावी होगी।

5. अतः श्री अनिल कुमार तदेन कार्यपालक अभियंता–सह–प्रभारी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, दरभंगा सम्प्रति निलंबित को वित्त विभाग के ज्ञापांक–3/एफ 1–50/70–12753 वि0 दिनांक 26.11.1970 के आलोक में उनके सेवानिवृत्ति की तिथि दिनांक 28.02.2022 के अपराह्न से निलंबन मुक्त किया जाता है।

6. श्री कुमार के निलंबन अवधि का विनियमन इनके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही के फलाफल के आधार पर किया जायेगा।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

21/3/2023

(संजय दूबे)
विशेष सचिव

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांकः– 3/अ0प्र0–1–125/2021 618 /पटना, दिनांक :– 21.3.23

**प्रतिलिपिः–** प्रधान सचिव/अपर मुख्य सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/जिला पदाधिकारी, दरभंगा/कोषागार पदाधिकारी, निर्माण भवन, पटना/ कोषागार पदाधिकारी, दरभंगा/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–1/दरभंगा–2/प्रशाखा पदाधिकारी–12, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी–6, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु/श्री अनिल कुमार तदेन कार्यपालक अभियंता–सह–प्रभारी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, दरभंगा सम्प्रति सेवानिवृत्त, पत्राचार का पताः–फ्लैट संख्या–402 ए,सागर अपार्टमेन्ट, खाजपुरा, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, पटना, डाकघर–बी0भी0 कॉलेज, थाना–राजीव नगर, जिला–पटना, पिनकोड–800014 स्थायी पताः– ग्राम+पो0+थाना–अलौली, जिला–खगड़िया, पिनकोड–848203, मोबाईल न0–9431647106 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/3/2023

विशेष सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ0प्र0–1–125/2021 618 /पटना, दिनांक :– 21.3.23

**प्रतिलिपि :–** महालेखाकार(ले0 एवं ह0) बिहार, पटना/ प्रभारी पदाधिकारी, वित्त(वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/3/2023

विशेष सचिव